>

Title: Need to undertake repair of G.T. Road between Kanpur and Bilhaur and also make provision of medical facilities with Trauma Centre along the road between Kanpur and Delhi.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिसरिख (उ0प्र0) के अंतर्गत कानपुर-बिल्हौर-कन्नौज-एटा-बेवर-अलीगढ़-बुलंदशहर-गाजियाबाद-दिल्ली मार्ग, जो शेरशाह सूरी द्वारा बनवाया गया था, होकर गुजरता है। यह देश का एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक जीटी मार्ग है। इस मार्ग से दिल्ली जुड़ा होने के कारण यातायात का भारी दबाव बना रहता है। पिछले काफी समय से इस मार्ग को चार लेन का बनाये जाने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक इस मार्ग को चार लेन में परिवर्तित नहीं किया गया है। जिस कारण यहाँ आये दिन गंभीर सड़क दुर्घटनायें होती रहती हैं, जिसमें काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल भी हो जाते हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र मिसरिख से गुजरने वाले इस मार्ग के कानपुर-बिल्हौर हिस्से की स्थिति बहुत ही खराब है। बरसात के दिनों में वहाँ जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, उसकी मरम्मत भी नहीं की जा रही है। इस मार्ग के रख-रखाव से संबंधित अभियंतओं प्रोजेक्ट मैनेजर से संपर्क करने पर गढ्ढे की मरम्मत का कार्य नहीं किया जा रहा है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि वह कानपुर-बिल्हौर-कन्नौज-एटा-बेवर-अलीगढ़-बुलंदशहर-गाजियाबाद-दिल्ली मार्ग पर एक प्रत्येक निश्चित दूरी के पश्चात् समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध उपलब्ध कराये जाने के साथ-साथ बिल्हौर के निकट एक ट्रामा सेंटर की स्थापना किए जाने और साथ ही इस मार्ग का जीर्णोद्धार करते हुए इसको चार लेन का बनाए जाने और उक्त मार्ग पर शिवराजपुर, चौबेपुर, उत्तरीपुरा में जो बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिस कारण आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही है, उसकी तुंत मरम्मत करवायी जाए।